ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 20-01-2023

उधम सिंह नगर(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2023-01-20 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2023-01-21	2023-01-22	2023-01-23	2023-01-24	2023-01-25
वर्षा (मिमी)	1.0	0.0	0.0	0.0	12.0
अधिकतम तापमान(से.)	20.0	22.0	23.0	24.0	22.0
न्यूनतम तापमान(से.)	9.0	10.0	11.0	12.0	12.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	70	70	70	75	80
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	30	30	30	35	35
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	6.0	6.0	6.0	8.0	12.0
पवन दिशा (डिग्री)	230	220	250	110	110
क्लाउड कवर (ओक्टा)	1	0	0	5	8

मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों (13 - 19 जनवरी , 2022) में 3.8 मिमी वर्षा हुई व आसमान साफ रहा। अधिकतम तापमान 14.0 से 22.6 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 2.9 से 10.0 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 74 से 97 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 41 से 50 प्रतिशत एवं हवा 0.6 से 8.6 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पूर्व-दक्षिण-पूर्व, पश्चिम-उत्तर-पश्चिम व पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम दिशा से चली| आगामी पांच दिनो में, 20 जनवरी को कहीं-कहीं बूंदा-बांदी व 24 जनवरी को हल्की वर्षा हो सकती है तथा शेष दिन मौसम साफ रहेगा। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमशः 20.0-24.0 व 9.0 - 12.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 6.0-12.0 किमी/घंटे की गति से दक्षिण-पश्चिम व पूर्व-दक्षिण-पूर्व दिशा से चलने का अनुमान है। चेतावनीः 24 जनवरी को कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि, आकाशीय बिजली गिरने और तेज बारिश के साथ आंधी आ सकती है।

सामान्य सलाहकार:

आईएमडी मौसम पूर्वानुमान और आपके स्थान की कृषि मौसम संबंधी सलाह अब मेघदूत मोबाइल ऐप पर अंग्रेजी और क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध है। कृपया निम्न लिंक से डाउनलोड करें: एंड्रॉ यड: https://play.google.com/store/apps/details?id=com.aas.meghdoot आईओएस: https://apps.apple.com/in/app/meghdoot/id1474048155 किसान भाई फसलों में आवश्यकतानुसार निराई गुड़ाई, सिंचाई एवं पोषक तत्वों का प्रबन्धन करें। सरदी से बचाव के लिए पशुघर का प्रबंध ठीक से करें। किसान भाई फसलों में सिंचाई व रसायनों का छिडकाव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनो में, 20 जनवरी को कहीं-कहीं बूंदा-बांदी व 24 जनवरी को हल्की वर्षा हो सकती है। 24 जनवरी

को कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि, आकाशीय बिजली गिरने और तेज बारिश के साथ आंधी आ सकती है।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
गेहूँ	खेत में खड़े गेहूँ की फसल में दूसरी सिंचाई 40-45 दिन की अवस्था पर कल्ले निकलते समय करें।चौड़ी पत्ती वाले खरपतवार की अधिकता होने पर दिसम्बर में बोई समय में बुवाई के 40-45 दिन बाद 2,4-डी0 के 500 ग्राम सक्रिय अवयव या मैटसल्फूरान मिथाईल के 4 ग्राम या कारफेट्राजान के 20 ग्राम का 500-600 लीटर पानी में घोल कर फ्लैट-फेन नोजल द्वारा छिड़काव प्रति हैक्टर की दर से करें।
मसूर की दाल	चना व मसूर की फसल मे आवश्यकतानुसार एक सिंचाई फूल आने से पहले तथा दूसरी फली बनते समय करे। चना व मसूर की फसल मे फूल बनते समय 2 प्रतिशत यूरिया के घोल का पर्णीय छिड़काव करे। प्रथम छिड़काव के 10-15 दिन बाद दूसरा छिड़काव करे। प्रति हैक्टर 600-700 लीटर पानी का प्रयोग करे।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
आम	आम के फल पेड़ की आयु के अनुसार 100 ग्राम नाइट्रोजन प्रति वर्ष पेड़ के हिसाब से 10 वर्ष तक बढाते रहे। 10 वर्ष के पश्चात् एक किलोग्राम नाइट्रोजन प्रति पेड़ दें। 10 वर्ष या अधिक आयु के पेड़ के लिए इस प्रकार 2-2 किलोग्राम यूरिया आवश्यक होगी।
टमाटर	टमाटर पछेती झुलसा रोग के नियंत्रण हेतु मैनकोजेब 75 प्रतिशत डब्लू0पी0 का 2.5 ग्राम/ली0 की दर से छिड़काव करे। छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।
आलू	आलू में पछेती झुलसा रोग के नियंत्रण हेतु मैनकोजेब 75 प्रतिशत डब्लू0पी0 का 2.5 ग्राम/ली0 की दर से छिड़काव करे। छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।
मिर्च	मिर्च में माइट के नियंत्रण के लिए डाईफेन्थ्युरान 50डब्लू0पी0 600ग्रा0/है0या लैम्डासाइहैलोथ्रिन 5इसी 300मि0ली0/है0 की दर से छिड़काव के पाँच दिन बाद फल का प्रयोग करें। छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भेंस	पशुओं के बैठने का स्थान समतल होता चाहिए जिससे उनकी उत्पादन क्षमता प्रभावित न हो तथा इस समय नवजात पशुओं के रख-रखाव पर विशेष ध्यान दें। पशुओं को ठंड से बचाव हेतु सूखी घास, पुवाल जो जानवरों के खाने के उपयोग में नहीं आती को बिछावन के रूप में प्रयोग करें। खिड़की दरवाजों पर त्रिपाल लगा दें ताकि ठंडी हवा प्रवेश न करें।

मुर्गी पालन विशिष्ट सलाह:

मुर्गी पालन	मुर्गी पालन विशिष्ट सलाह
मुर्गी	मुर्गियों में फफूँदजनित आहार देने से अपलाटॉक्सीकोशिस हो जाती है जिसकी वजह से काफी संख्या में उनकी मृत्यु होने की संभावना होती है। ऐसे में मुर्गियों को पशुचिकितसक की सलाह से दवा दें।